NBT PAGE 5

## LU में एमएससी बायोकेमिस्ट्री में बढ़ सकती हैं 10% सीटें

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू में बुधवार को होने वाली कार्य परिषद की बैठक में एमएससी बायोकेमिस्ट्री में सेल्फ फाइनेंस की सीटें बढ़ाने को लेकर फैसला हो सकता है। वहीं समाजशास्त्र विभाग में शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर इंतजार भी खत्म हो सकता है।

कार्य परिषद की बैठक में सीटें बढ़ाने पर फैसला आज

जानकारी के अनुसार, इस बैठक में 5 अगस्त को हुई कार्य परिषद की बैठक की कार्रवाई की रिपोर्ट रखी जाएगी। इसके अलावा 19 अगस्त को हुई वित्त समिति की बैठक के फैसलों को भी संस्तुति दी जाएगी। वहीं इंजिनियरिंग संकाय के शिक्षकों को तीन फीसदी इंक्रीमेंट देने संबंधित फैसले पर भी मुहर लग सकती है तो समाजशास्त्र विभाग में प्रफेसर व असोसिएट प्रफेसर पद के लिए हुए साक्षात्कार में चयनित शिक्षकों के लिफाफे भी खोले जाएंगे। एलयू के प्रो. मनोज दीक्षित राजस्थान में कुलपति बन गए हैं। ऐसे में उनकी छुट्टी बढ़ाने का मामला भी कार्यपरिषद की बैठक में रखा जाएगा।

### 12 विषयों में सीटें आवंटित

एलयू में परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया के तहत मंगलवार को एमए शिक्षाशास्त्र, समाज कार्य, लोक प्रशासन, भूगोल, अस्पताल प्रशासन, एमआईएच, एमए या एमएससी सांख्यिकी या बायोस्टेटिस्टिक्स में सीटें आवंटित कर दी गई हैं। वहीं एमएससी जियोलॉजी, कंप्यूटर साइंस, फिजिक्स और फूड टेक्नॉलजी एंड फूड प्रॉसेसिंग विषय में सीट अलॉटमेंट हुआ है। अभ्यर्थियों को 2 सितंबर रात 12 बजे तक फीस जमा करने का मौका होगा।

**एलएलबी, एमबीए की मेरिट लिस्ट जारी** : एलयू ने एलएलबी तीन वर्षीय, एमबीए/एमटीटीएम और एमवीए/एमएफए विषय की प्रोविजनल मेरिट लिस्ट जारी कर दी है।

HINDUSTAN PAGE 6, 8

## एलयू व कॉलेजों में खेलों से मेजर को किया नमन

लखनऊ, संवाददाता । खेल दिवस पर लखनऊ विश्वविद्यालय व कॉलेजों में कई तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। एलयू के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के खेल परिषद द्वारा शतरंज, कैरम बोर्ड, टेबल टेनिस और लूडो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

नवयुग कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय और सीनियर लेवल पर अच्छा प्रदर्शन करने वाली 29 छात्राओं का सम्मान हुआ। कृष्णा देवी गर्ल्स में इंडोर गेम्स व भूले बिसरे स्वदेशी खेल थीम पर खेल प्रतियोगिताएं हुईं। कालीचरण पीजी कॉलेज में हुई कबड्डी प्रतियोगिता में कला संकाय ने वाणिज्य संकाय को 5 अंकों से हरा दिया। महिला विद्यालय डिग्री कॉलेज में स्वदेशी खेलों को बढ़ावा देने की बात हुई। अवध गर्ल्स कॉलेज में इंट्राम्यूरल और इंटर कॉलेजिएट स्पोर्ट्स फेस्ट में मुख्य अतिथि पद्मश्री ओलंपियन व अर्जुन पुरस्कार विजेता सुधा सिंह रहीं।

### बीबीएयू में मनाई जयंती

बीबीएयू में मेजर ध्यानचंद जयंती कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. संजय सिंह ने की। उन्होंने कहा कि हममें से प्रत्येक को अपने जीवन में फिटनेस, योग व खेल को अपनाना चाहिए। डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो राणा प्रताप सिंह, प्रो नरेंद्र कुमार, प्रो शिल्पी वर्मा, प्रो एमपी सिंह आदि रहे।

## एलयू: एमए, एमएससी के 12 विषयों में सीटें आवंटित

लखनऊ, संवाददाता। एलयू में पीजी प्रवेश प्रक्रिया के तहत मंगलवार को कई विषयों में सीटें आवंटित कर दी गईं। एमए शिक्षाशास्त्र, समाज कार्य, लोक प्रशासन, भूगोल, अस्पताल प्रशासन, एमआईएच, एमए या बायोस्टेटिस्टिक्स में सीटें आवंटित कर दी गई हैं। एमएससी जियोलॉजी, कंप्यूटर साइंस, फिजिक्स और फूड टेक्नोलॉजी एंड फूड प्रोसेसिंग विषय में सीट अलॉटमेंट हुआ है।

लखनऊ विश्वविद्यालय में पांच विषयों की प्रोविजनल मेरिट सूची जारी कर दी है। इसमें एलएलबी तीन वर्षीय, एमबीए या एमटीटीएम और एमवीए या एमएफए विषय शामिल हैं।

### यूजी विषम सेमेस्टर के छात्र 5 तक करें आवेदन

एलयू में स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों के तृतीय, पांचवे और सातवें सेमेस्टर के आर्हता रखने वाले अंत:वासी दोबारा हॉस्टल आवंटन के लिए पांच सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं। इसमें बीए, बीएससी, बीकॉम, बीकॉम ऑनर्स, बीवीए, बीएफए, बीबीए, बीसीए, लाइब्रेरी साइंस, बीपीएड, बीएड के विद्यार्थी शामिल हैं।

## एलयू: शिक्षकों की नियुक्ति पर फैसला संभव

लखनऊ। एलयू में समाजशास्त्र विभाग में शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर संशय खत्म हो सकता है। कई शिक्षकों को नियमित करने की मंजूरी भी मिलने की उम्मीद है। एलयू में बुधवार को कार्य परिषद की बैठक प्रस्तावित है। इसमें 5 अगस्त को हुई कार्य परिषद बैठक की कार्यवाही आख्या रखी जाएगी। 19 अगस्त को हुई वित्त समिति की बैठक के फैसलों को संस्तुति दी जाएगी।

## हॉस्टल आवंटन को आवेदन का अंतिम मौका आज

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में मौजूदा समय में प्रवेश के साथ-साथ हॉस्टल आवंटन की प्रक्रिया भी चल रही है। बीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थी 30 अगस्त तक हॉस्टल के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव के अनुसार बीएससी मैथ्स और बायो प्रथम सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों व लॉ ऑनर्स प्रथम सेमेस्टर के छात्रों को हॉस्टल आवंटन हो चुके हैं।

JAGRAN CITY PAGE III

## पीजी के 12 विषयों में सीट आवंटन आज

लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीजी के 12 और विषयों में सीट आवंटन की प्रक्रिया मंगलवार को शुरू कर दी। इसमें एमए एजुकेशन, एमए समाजकार्य, एमए सांख्यिकी/बायोस्टैटिस्टिक्स, एमएससी सांख्यिकी/बायोस्टैटिस्टिक्स, एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, एमए जाग्रफी, एमए हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, एमए एमआइएच, एमए साइकोलाजी, एमएससी बाटनी/माइक्रोबायोलाजी और एमएससी जूलाजी विषय शामिल है। अभ्यर्थी 30 अगस्त को 12 बजे के बाद सीट आवंटन देख दो सितंबर तक आनलाइन फीस जमा कर सकते हैं।

लवि में कार्य परिषद की बैठक आज : लखनऊ विश्वविद्यालय में बुधवार को दोपहर एक बजे से कार्य परिषद की बैठक आयोजित की जाएगी। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में वित्त समिति में मंजूर किए गए एमएससी बायोकेमिस्ट्री में सेल्फ फाइनेंस सीटें बढ़ाने, उसकी फीस के अलावा इंजीनियरिंग संकाय के शिक्षकों को इंक्रीमेंट आदि प्रस्ताव को रखा जाएगा। इसके अलावा अन्य प्रस्ताव पर भी चर्चा होगी।

## तीन सितंबर तक जमा करें हास्टल की फीस

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में बीएससी (मैथ्स और बायो) प्रथम सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों एवं ला आनर्स प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं का हास्टल आवंटन हो चुका है। आरक्षण लगाते हुए आवंटन के लिए सूचना एवं निर्देश विद्यार्थियों को उनके मेल आइडी पर भेज दिया गया है। चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह ने बताया कि इन सभी को आनलाइन फीस जमा करने की अंतिम तिथि तीन सितंबर तक दी गई है। इसके अलावा तृतीय, पांचवे एवं सातवें सेमेस्टर के अर्हता रखने वाले अंतःवासी विद्यार्थी हास्टल पुनः आवंटन के लिए पोर्टल पर पांच सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं।

## 63 एनसीसी में भर्ती अब 11 को

जासं, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय की 63 यूपी बटालियन एनसीसी ने भर्ती की तिथि और समय में बदलाव कर दिया है। अब यह भर्ती प्रक्रिया नौ के स्थान पर 11 सितंबर को होगी। प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं शामिल हो सकते हैं। सभी को सुबह आठ बजे विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स ग्राउंड में पहुंचना होगा। 63 यूपी एनसीसी बटालियन की एनसीसी अधिकारी डा. किरण लता डंगवाल ने बताया कि पहले भर्ती के लिए नौ सितंबर की तिथि रखी गई थी, लेकिन द्वितीय शनिवार होने की वजह से इसमें बदलाव करते हुए 11 सितंबर कर दिया गया है।

i-NEXT PAGE 3

## तीन तक जमा करें हॉस्टल की फीस

LUCKNOW (29 Aug): एलयू में बीएससी प्रथम सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों एवं ला आनर्स प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं का हॉस्टल आवंटन हो चुका है. चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह ने बताया कि इन सभी को आनलाइन फीस जमा करने की अंतिम तिथि तीन सितंबर तक दी गई है. तृतीय, पांचवे एवं सातवें सेमेस्टर के अर्हता रखने वाले अंत:वासी विद्यार्थी हॉस्टल फिर आवंटन के लिए पोर्टल पर 5 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं.

PIONEER PAGE 4

## कला यात्रा में बताया नए व पुराने के बीच का अनोखा समन्वय

लखनऊ। कला एवं शिल्प महाविद्यालय में मंगलवार को कला संवाद श्रंखला के अन्तर्गत वरिष्ठ कलाकार दुर्गा कंथोलिया ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित किया। दुर्गा कथोलिया ने जेजे स्कूल ऑफ आर्ट से स्नातक एवं बड़ौदा स्कूल ऑफ आर्ट से परास्नातक की पढ़ाई करने के पश्चात् कलाकार के रूप में 20 वर्षों से लगातार कार्य करके खुद को स्थापित किया है।

छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए उन्होंने प्रजेन्टेशन के माध्यम से अपनी कला यात्रा को दर्शाया। उन्होंने बताया कि किस तरह एंडी वारहोल की कला ने उनके कला यात्रा को किस तरह प्रभावित किया एवं उनकी शैली में इंप्रेशनिज्म सीरियलिज्म फोक, डिजिटल कोलाज व मिनियेचर पेंटिंग की मिली-जुली झलक देखने को मिलेगी। उन्होंने अपनी कला यात्रा में उनके काम में नये व पुराने के बीच एक अनोखा समन्वय दिखता है।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

## लविवि कार्य परिषद में आज खुलेंगे कई लिफाफे

■ प्रो. मनोज दीक्षित व प्रो. पूनम टंडन को कुलपति बनने पर मिलेगी विशेष छुट्टी

■ एंथ्रोपोलॉजी और सोशियोलॉजी डिपार्टमेंट की 'दुविधा' होगी खत्म

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय में बुधवार को होने वाली कार्य परिषद की बैठक में जहां दो प्रोफेसर पूनम टंडन और मनोज दीक्षित को कुलपति बनने पर उन्हें विशेष छुट्टी देने के प्रस्ताव पर मंजूरी मिलेगी, वही दूसरी तरफ एंथ्रोपोलॉजी और सोशियोलॉजी डिपार्टमेंट के कैडर और कैश के शिक्षकों के लिफाफे खुलेंगे। बुधवार को समाजशास्त्र विभाग में शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर चल रही खींचतान खत्म हो सकती है। वहीं पिछले दो वर्ष से असिस्टेंट प्रोफेसर बनने का इंतजार कर रहे एंथ्रोपोलॉजी के कैडर के लिफाफे खुलेंगे।

बुधवार को लखनऊ विवि की कार्य परिषद की प्रस्तावित बैठक में 5 अगस्त को हुई बैठक की कार्यवाही आख्या रखी जाएगी। 19 को हुई वित्त समिति की बैठक के फैसलों को संस्तुति दी जाएगी। इसमें एमएससी बायोकेमेस्ट्री में सेल्फ फाइनेंस की 10 सीटें बढ़ाने और इंजीनियरिंग संकाय के शिक्षकों को तीन फीसदी इंक्रीमेंट देने संबंधित फैसले को मंजूर किया जा सकता है। इसके अलावा चयन समिति की संस्तुतियों पर विचार किए जाने की बात भी एजेंडे में रखी गई है। जिससे पूरी गुंजाइश है कि मंगलवार को समाजशास्त्र विभाग में प्रोफेसर व एसोसिएट प्रोफेसर पद के लिए हुए साक्षात्कार में चयनित शिक्षकों के लिफाफे खोल दिए जाएंगे जबकि पिछले हफ्ते गोरखपुर विवि के कुलपति पद के लिए चयनित प्रोफेसर पूनम टंडन, राजस्थान के एक विवि में कुलपति पद का पदभार ग्रहण करने वाले प्रो. मनोज दीक्षित को विशेष छुट्टी देने का प्रस्ताव रखा जाएगा।

## खेल दिवस : बीपीएड व एमपीएड के छात्रों के बीच हुई प्रतियोगिताएं

लखनऊ (एसएनबी)। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर वी.पी.एड तथा एम.पी.एड के छात्रों के मध्य विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, विजेता टीम को उपहार दिया गया। शारीरिक शिक्षा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस शपथ ली गई, मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. वीके भारद्वाज, हेड ऑफ़ डिपार्टमेंट, वैसवारा पीजी कॉलेज, रायबरेली द्वारा शारीरिक शिक्षा विभाग के वी.ए.बीपीएड एवं एमपीएड के छात्रों के मध्य विशेष व्याख्यान दिया गया। उक्त व्याख्यान में डॉ. भारद्वाज द्वारा छात्रों को मेजर ध्यानचंद के जीवन तथा ओलंपिक में उनकी उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। उक्त व्याख्यान के दौरान शारीरिक शिक्षा की तकनीकियों एवं निपुणता संबंधी प्रयोगात्मक जानकारी भी दी गई। विभाग के विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर रूपेश कुमार ने इस दौरान विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों के लिए कुलपति द्वारा पारित योजना एफ़ 'कौशल खिलाडी कोष' की स्थापना के बारे में भी बताया तथा इसके महत्व को समझाया। इस अवसर पर डॉ रुपेश कुमार, डॉ. गणेश शंकर पांडेय विभाग के अन्य शिक्षक एवं विभाग के शोध छात्र प्रांशु श्रीवास्तव, अशोक यादव, प्रशांत कुमार, राकेश राय उपस्थित रहे।

AMRIT VICHAR PAGE 4

## बीएससी और लॉ आनर्स के छात्रों को हास्टल आवंटित

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय में बीएससी (मैथ्स और बायो) प्रथम सेमेस्टर के सभी विद्यार्थीयों एवं लॉ ऑनर्स प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं को हॉस्टल आवंटन हो चुका है। हॉस्टल आवंटन की प्रक्रिया एचएमएस ऐप पर ऑनलाइन हो रही है। प्रो. अनूप कुमार सिंह मुख्य अभिरक्षक लविवि ने बताया कि इन सभी की ऑनलाइन फीस जमा करने की अंतिम तिथि 3 सितंबर है। इसके अतिरिक्त बीए, बीएससी, बीकॉम, बीकॉम ऑनर्स, बीवीए, बीएफए, बीबीए, बीसीए, बी लिव, बीपीएड, बीएड के तृतीय, पांचवे एवं सातवें सेमेस्टर के अर्हता रखने वाले विद्यार्थी हॉस्टल के पुनः आवंटन के लिए पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 5 सितंबर है।

## नए-नए माध्यमों का प्रयोग करें छात्र : कंथोलिया

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में कला संवाद श्रृंखला के तहत वरिष्ठ कलाकार दुर्गा कंथोलिया ने कहा कि छात्रों को नए-नए माध्यमों को प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपनी कला यात्रा के बारे में बताया। कंथोलिया ने जेजे स्कूल ऑफ आर्ट से स्नातक और बड़ौदा स्कूल ऑफ आर्ट से परास्नातक की पढ़ाई की है। कलाकार के रूप में 20 वर्षों तक काम करके स्वयं को स्थापित किया। उन्होंने बताया कि एंडी वारहोल की कला ने उनके कला यात्रा के लिए प्रभावित किया एवं उनकी शैली में इंप्रेशनिज्म सरियलिज्म फोक, डिजिटल कोलाज व मिनियेचर पेंटिंग की मिली-जुली झलक देखने को मिलेगी। उनकी कला में काली, दुर्गा जैसे नारी प्रधान शक्ति स्वरूप का प्रयोग दिखता है। सखियों अब शस्त्र उठाओ, माधव नहीं आएंगे की भावना उनकी स्कल्पचर सीरीज में देखी जा सकती है।

## छूटे हुए विद्यार्थी 4 को दे सकेंगे प्रयोगात्मक परीक्षा

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबंद्ध महाविद्यालयों के बीपीएड द्वितीय, चतुर्थ, एमपीएड द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों की अगर शारीरिक शिक्षा विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा छूट गई है तो 4 सितंबर को दोबारा परीक्षा दे सकते हैं। ऐसे विद्यार्थियों की परीक्षा सुबह साढ़े 6 बजे छत्रपति शिवाजी मैदान में होगी।

LOKSATYA PAGE 2

## सखियों अब शस्त्र उठाओ, माधव नहीं आएंगे

चर्चा

- कला एवं शिल्प महाविद्यालय में स्कल्पचर सीरीज की चर्चा

लखनऊ, लोकसत्य

लखनऊ। कला एवं शिल्प महाविद्यालय, ललित कला संकाय, लखनऊ विश्वविद्यालय में कला संवाद श्रंखला के अन्तर्गत वरिष्ठ कलाकार दुर्गा कंथोलिया ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित किया। दुर्गा कथोलिया ने जेजे स्कूल ऑफ आर्ट से स्नातक एवं बड़ौदा स्कूल ऑफ आर्ट से परास्नातक की पढ़ाई करने के पश्चात् कलाकार के रूप में 20 वर्षों से लगातार कार्य करके खुद को स्थापित किया।

उन्होंने प्रेजेन्टेशन के माध्यम से अपनी कला यात्रा को दर्शाया। उन्होंने बताया कि किस तरह एंडी वारहोल की कला ने उनके कला यात्रा को किस तरह प्रभावित किया एवं उनकी शैली में इंप्रेशनिज्म सरियलिज्म फोक, डिजिटल कोलाज व मिनियेचर पेंटिंग की मिली-जुली झलक देखने को मिलेगी।

उन्होंने स्त्री शक्तिकरण के मुद्दे को कला के माध्यम से सशक्त ढंग से उठाया। उनकी कला में काली, दुर्गा जैसे नारी प्रधान शक्ति स्वरूप का प्रयोग दिखता है। सखियों अब शस्त्र उठाओ, माधव नहीं आयेंगे की भावना उनकी स्कल्पचर सीरीज में देखी जा सकती है। उन्होंने पेन्टिंग, डिजिटल माध्यम व स्कल्पचर, एंब्रॉयडरी जैसे माध्यमों को अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति के लिए किया।

कला एवं शिल्प महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रतन कुमार ने कलाकार को इस अवसर पर पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रो. राकेश चन्द्रा, आलोक कुमार रविकान्त पाण्डेय, डॉ० पूनम रवि जायसवाल, एमके मिश्र, मानसी डिडवानिया सहित अन्य मौजूद थे।

HT PAGE 4

## LU to refund extra fee charged from students

HT Correspondent
letters@htlive.com

**LUCKNOW:** The Lucknow University administration will refund 'laboratory fee' it had charged from postgraduate students of humanities stream.

Laboratories are mainly used by students of science stream for conducting practicals.

The LU announced refund plan after the All-India Student Association (AISA) and National Student Union of India (NSUI) jointly protested against the 'unnecessary laboratory fee' LU had charged from postgraduate students pursuing humanities.

The All-India Student Association (AISA) and National Student Union of India (NSUI) had also submitted a memorandum to the varsity officials on Tuesday. However, students pointed out that this was not a one-off case and that in academic session (2022-23) too, laboratory fee was similarly charged from the students and despite assurances no refund was made until student bodies lodged protest against the LU move.

The LU administration assured the protestors that the laboratory fees will be adjusted in the next semester.

This time too a similar situation had arisen. AISA and NSUI leaders spoke to the admission cell officials who assured them that the lab fee taken will be refunded by the Finance Committee. The student leaders also had a conversation with finance department officials.

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर एलयू में खेल प्रतियोगिताएं

लखनऊ। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बीपीएड तथा एमपीएड के छात्रों के मध्य विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं हुईं। विजेता टीम को उपहार दिया गया था फिट इंडिया के कार्यक्रमों के बारे में बताकर छात्रों को जागरूक किया। सुबह शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस की शपथ ली गई उसके उपरांत मुख्य वक्ता के रूप में डॉ बी. के भारद्वाज, हेड ऑफ़ डिपार्टमेंट, वैसवारा पी.जी. कॉलेज, रायबरेली द्वारा शारीरिक शिक्षा विभाग के बी.ए, बीपीएड एवं एमपीएड के छात्रों के मध्य विशेष व्याख्यान दिया गया। लोकसत्य